पोषण व स्वास्थ्य पर विशेष

संजय कुमार



संकेत

ऊपर से नीचे

1. चिकित्सा विज्ञान की एक शाखा जिसमें सूर्य के प्रभाव से उपचार किया जाता है। (6)
2. मच्छर और मक्खी इस वर्ग के जीव हैं। (2)
3. इस रोग में यकृत प्रभावित होता है तथा मूत्र, आँख व त्वचा का रंग पीला हो जाता है। (3)
4. यह एन्जाइम पाचन के दौरान प्रोटीन को पेप्टोन्स में परिवर्तित कर देता है। (3)
5. अंडाशय से स्रावित होने वाला यह हार्मोन अंडवाहिनी के परिवर्द्धन को पूर्ण करता है। (4)
6. पहले पेट्रोल में 'एन्टीनॉक एजेन्ट' के रूप में इस तत्व को मिलाया जाता था जो कि एक गम्भीर प्रदूषक भी है। (2)
7. एक उत्तेजक पदार्थ जिसकी मात्रा तम्बाकू की सूखी पत्तियों में 0.6 से 3 % तक होती है। (4)
8. विश्व एड्स दिवस प्रत्येक वर्ष दिसम्बर माह की किस तारीख को मनाया जाता है? (2)
12. एक मानसिक विकार जिसमें रोगी आलसी व आवेशहीन हो जाता है तथा कल्पना को ही सत्य समझता है। (6)
13. पाचन के दौरान एन्जाइम ट्रिप्सिन किस भोज्य-पदार्थ को पॉलीपेप्टाइड्स में बदल देता है? (3)
14. मनुष्य के रक्त के वर्गीकरण के लिए आधार एण्टीजन (ग्लाइकोप्रोटीन) की संख्या। (1)
15. नाइट्रोजन युक्त पदार्थों के चयापचय से स्तनधारियों में बनने वाला उत्सर्जी पदार्थ। (3)
16. भोजन में इस तत्व की कमी हो जाने पर गले में स्थित थाइरॉयड ग्रन्थि बड़ी होकर फूल जाती है। (4)
17. मादा एनोफेलीज मच्छर से प्रसारित होने वाला यह रोग प्लाज्मोडियम परजीवी से होता है। (4)
19. कैल्शियम से सम्बद्ध होकर परमाणु क्रमांक 15 वाला यह तत्व दाँतों एवं अस्थियों को दृढ़ता प्रदान करता है। (4)
21. फाइलेरिया तथा मलेरिया रोग के परजीवी का वाहक कीट। (3)
22. मुख में पाये जाने वाले इस तरल पदार्थ में अल्फा एमाइलेज़, लिंगुअल लाइपेज़ और इम्यूनोग्लोबुलिन ए उपस्थित होते हैं। (2)
23. विश्व हास्य दिवस जनवरी माह की किस तारीख को मनाया जाता है? (2)

बांए से दाएं

2. चिकित्सा विज्ञान की एक शाखा जिसमें रासायनिक यौगिकों से उपचार किया जाता है। (5)
5. टीनिया पेडिस नामक कवक से होने वाला रोग। (4,2)
7. विटामिन बी-5 का रासायनिक नाम जिसकी कमी से पेलाग्रा नामक व्याधि होती है। (4)
8. एचआईवी संक्रमण का पता लगाने की एक परीक्षण विधि। (3)
9. विटामिन ए का रासायनिक नाम जिसकी कमी से रतौन्धी नामक व्याधि होती है। (4)
10. इस फल में पाया जाने वाला एन्जाइम 'पपेन' मांस के प्रोटीन के पाचन में सहायक होता है। (3)
11. यह पदार्थ ऑक्सीकरण के पश्चात् प्रोटीन अथवा कार्बोहाइड्रेट की तुलना में दोगुने से भी अधिक ऊर्जा देता है। (2)
14. माल्टेज नामक एन्जाइम डाइसैकराइड माल्टोज को तोड़कर ग्लूकोज के कितने अणु बनाता है? (1)
18. विटामिन बी-7 का रासायनिक का नाम। (4)
19. वुचेरेरिया बैंक्रोटी तथा ब्रुगिया प्रजाति के कृमियों से होने वाला रोग। (5)
20. आँतों के अन्दर पाये जाने वाले परजीवी फीता कृमि का जन्तु वैज्ञानिक नाम- ..... सोलियम। (3)
24. एण्टीजन के आधार पर मानव-रक्त को कितने प्रकार में बाँटा गया है? (2)
25. हृदय गति को नियन्त्रित कर सामान्य अवस्था में बनाए रखने के लिए इस यन्त्र को शरीर में लगाया जाता है। (5)

संपर्क सूत्र :

डॉ. संजय कुमार, ग्राम - जगदीशपुर, पोस्ट - बरावाँ, तहसील - मछली शहर, जिला - जौनपुर-222 143 (उत्तर प्रदेश)

[मो. : 09839343310; ई-मेलः sanjayecc@yahoo.co.in or sanecc@gmail.com]

उत्तर : वर्ग पहेली